**दिनांक : 15.06.2025** **समय : 02.10 पीएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

**दोपहर समाचार**

## प्रधानमंत्री–विदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन देशों की यात्रा पर रवाना हो गये हैं। इससे पहले उन्होंने कहा है कि तीन देशों, साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की, उनकी यात्रा से उन्हें सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को इन देशों के पूरजोर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने में विश्व के प्रयासों को एकजुट करने में भी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कनाडा में जी 7 शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए जगह प्रदान करेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि क्रोएशिया की उनकी यात्रा आपसी हित के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलेगी। साइप्रस यात्रा के दौरान श्री मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, शिक्षा, समुद्री सहयोग, डिजिटल संपर्क और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा होने की उम्मीद ळें

## उत्तराखंड हेलीकॉप्टर दुर्घटना

उत्तराखंड में आज सुबह केदारनाथ क्षेत्र के गौरीकुंड खर्क के पहाड़ी क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह तीर्थयात्री और पायलट शामिल हैं। हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही बचाव दल को घटनास्थल पर भेज दिया गया और राहत तथा बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। राज्य आपदा मोचन बल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पूरी तरह जल गया है और सभी शव निकाल लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर सेवाएं दो दिन के लिए स्थगित करने का आदेश दिया है। इस दु:खद दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में जून माह की किस्त राशि अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। मुख्यमंत्री इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में भी राशि अंतरित करेंगे।

## मूंग पंजीयन

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द की खरीदी के लिए संबंधित किसानों का पंजीयन 19 जून से शुरू होगा। इसके लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋण पुस्तिका की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। इसके अलावा बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा का होना अनिवार्य है। सिकमी और बटाई काश्तकार को पंजीयन के लिये आवेदन के साथ सिकमी के अनुबंध की स्व–प्रमाणित प्रति भी संलग्न करना होगी।

## आरटीई प्रवेश

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए कल से प्रवेश प्रकिया शुरू होगी, जो 20 जून तक चलेगी।

प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

## समाचार संक्षेप

- शिवपुरी जिले के कोलारस के डुमेला ग्राम में कल राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 200 बीघा से अधिक शासकीय वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।
- मंदसौर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के किसानों को कृषि अधिकारियों के साथ–साथ कृषि वैज्ञानिकों के दल द्वारा ग्राम पंचायतों में जा कर किसानों को लागत कम कर उत्पादन बढाने एवं फसल विविधिकरण के से जुड़ी जानकारी दी गई।
- नर्मदापुरम जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पचमढ़ी प्रवास पर आये मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने छावनी परिषद स्थित अटल वाटिका में पौधरोपण किया।

------------------------